प्रेस नोट जनपद प्रतापगढ़ दिनांक – 15.07.2021

अवैध तमंचा के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तारः–(थाना लालगंज)–

जनपद के थाना लालगंज से उ0नि0 श्री उमेश कुमार पाण्डेय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के कोड़रामादूपुर के पास से एक व्यक्ति सूरज वर्मा पुत्र देवी प्रसाद नि0 ओरी का पुरवा, सगरा सुन्दरपुर थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ को 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 430/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण–

01. सूरज वर्मा पुत्र देवी प्रसाद नि0 ओरी का पुरवा, सगरा सुन्दरपुर थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़।

बरामदगी–

01. एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर।

पुलिस टीम– उ0नि0 श्री उमेश कुमार पाण्डेय मय हमराह थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़।

चोरी के पंखे के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार–

जनपद के थाना मान्धाता पर वादी सुनील कुमार गुप्ता पुत्र राम अवतार गुप्ता नि0 कोहला थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ आदि द्वारा अपने साथ एक अदद पंखा व एक व्यक्ति अक्षत श्रीवास्तव को लाकर सूचना दिया गया कि दिनांक 13/14.07.2021 की रात्रि में विश्वनाथगंज बाजार में स्थित उनकी दुकान से अक्षत श्रीवास्तव उर्फ टमटम पुत्र सत्यस्वरूप श्रीवास्तव नि0 भोपतपुर थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ द्वारा एक पंखा चोरी कर लिया गया था, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से अक्षत श्रीवास्तव की निशानदेही पर बरामद कर लिया गया है। नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को पुलिस हिरासत में लिया गया तथा इस सम्बन्ध में वादी की तहरीर पर मु0अ0सं0 283/21 धारा 379, 411 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया।

दिनांक 15.07.2021